छात्रावासों में प्रवेश शुरू

बीकानेर,(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले के 26 छात्रावासों में वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हुई। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एसएसओ पर नवीन प्रवेश पोर्टल एसजेएमएस माध्यम से किए जा सकते हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि जिले में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए 4 विद्यालय स्तरीय छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इसी प्रकार छात्राओं के लिए सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या छात्रावास संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोलायत, दियातरा, बज्जू खालसा, श्रीडूंगरगढ़, लूनकरणसर, पांचू, नोखा, जसरासर, पूगल, खाजूवाला, छतरगढ़, दंतौर ब्लॉक पर कक्षा 6 से 12 के छात्रों के लिए विद्यालय स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। संयुक्त निदेशक पंवार ने बताया कि एम.एस कॉलेज के सामने महाविद्यालय स्तरीय सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास है। इसी परिसर में विद्यालय स्तरीय कक्षा 6 से 12 के लिए छात्राओं के लिए सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जेएनवी कॉलोनी रोड पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने स्थित राजकीय आर्थिक पिछड़ा वर्ग बालिका महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास संचालित किया जा रहा है।

प्रशासन का भय खत्म, सड़कों पर फिर से दौड़ने लगे ओवरलोड वाहन

पाटन, (निसं)। हाल ही में कुछ दिनों पहले ओवरलोड वाहनों के कारण तीन पुलिस कर्मियों की मौत हुई थी, इस पर जिला प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ओवरलोड वाहनों पर गाज डालना शुरू किया था जिस कारण अधिकांश ट्रक, डंपर, ट्रैलर बंद से हो गये थे।

लेकिन कुछ दिनों बाद ही ओवरलोड वाहन मालिकों में पुलिस प्रशासन के प्रति भय खत्म हो गया जिससे ओवरलोड वाहन फिर से पाटन की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ने लगे हैं। पुलिस कर्मियों की मौत के बाद ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्यवाही से कुछ दिनों तक तो क्षेत्र में शांति बनी रही लेकिन अब वही फिर से दौड़ने लगे हैं जिस कारण लोगों को फिर से दुर्घटनाओं का भय सताने लगा है।

सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा भराला का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने फिर से अपनी आंखें बंद कर ली हैं, जिसके चलते ओवरलोड वाहनों का आवागमन पुनः पहले की तरह शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि, अगर इसी तरह ओवरलोड वाहन चलते रहे तो फिर से कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसका जिम्मेदार कौन होगा यह सोचने का विषय है? जिले से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर अगर यह हाल है तो जिले के अंतिम छोर पर क्या हाल होगा इसका कोई अनुमान नहीं लग सकता।

ओवरलोड वाहन फिर से पाटन की सड़कों पर दौड़ने लगे हैं।

मजे की बात तो यह है कि अधिकांश ओवरलोड वाहनों के नंबर प्लेटों पर या तो गिरीश लगाकर नंबरों को छुपाया गया है या फिर नंबर प्लेट ही नहीं है, ऐसे में अगर इन ओवरलोड वाहनों द्वारा कोई दुर्घटना घट जाए तो इनका पता भी नहीं चल सकता, जबकि जिला कलेक्टर के सख्त निर्देश है कि ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की जाए उसके

■ **कुछ दिनों पहले पुलिस कर्मियों की मौत के बाद ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्यवाही से क्षेत्र में शांति रही थी**

बावजूद भी नंबर प्लेटों पर गिरीश लगी हुई देखने को मिल सकती है। लोगों ने यह भी बताया कि, रात के समय तो सैंकड़ों ओवरलोड वाहन एक साथ चलते हैं जिससे छोटे वाहनों को साइड तक नहीं मिलती है। दिन में अधिकांश ओवरलोड वाहन बाईपास होकर निकल जाते हैं और कुछ ओवरलोड वाहन थाने के सामने से होकर गुजरते हुए दिखाई दे सकते हैं। जिला कलेक्टर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि क्षेत्र में चलने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए उसके बावजूद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर जिला कलेक्टर के आदेशों की अवेहलना कर रहा हैं। लोगों ने बताया कि जिले में बैठे उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी आम जन की समस्यायों का समाधान करना होता है परंतु यहां विपरीत हो रहा है।

सर्वर डाउन रहने से नहीं बन रहे लाईसेंस

बीकानेर, (कासं)। क्षेत्रीय जिला परिवहन कार्यालय बीकानेर में सारथी पोर्टल पर 'अंडर मेंटीनेस ' के नाम पर लगातार सर्वर डाउन होने की समस्या चलती आ रही है। पिछले बीस दिनों से हालात यह है की सुबह से दोपहर तक तो सारथी पोर्टल से आवेदक के मोबाइल पर न तो ओटीपी जाती है और ना ही उस दिन का स्लॉट बुक हो पाता है।

ड्राइविंग लाइसेंस के लिए दूर दराज से आए महिलाएं, बुजुर्ग,युवा दिव्यांग पूरे दिन परेशान होकर लौट जाते हैं। यही हाल लर्नर लाइसेंस बनवाने का है। लोग ई मित्रों अथवा स्वयं आवेदन करते हैं लेकिन ओटीपी की समस्या बनी हुई है। कल दोपहर तीन बजे बाद धीमी हुई ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सारथी पोर्टल साइट आज दोपहर तक भी नहीं चली। आर्मी में कार्यरत कर्ण सिंह नामक फोजी कल दोपहर ऑफ लेकर अपना स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आया लेकिन साइट में दिक्कत के कारण कल शाम तक स्लॉट नहीं मिला।

सुबह आया लेकिन आज भी उसका लाइसेंस नहीं बन सका। यही हालत अन्य आवेदकों की हुई। बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान शर्मा ने बताया कि लोग अपने ड्राइविंग लाइसेंस का लर्निंग, स्थाई और रिन्युअल करवाने सुबह सुबह ऑफिस आते हैं और सारथी पोर्टल चलने की आशा में देर शाम तक गर्मी में भूखे प्यासे भटकते रहते हैं।

सार-समाचार

प्रिंस के 135 कैडेट्स का सम्मान



सीकर, (निसं)। एनडीए यूपीएससी प्रवेश परीक्षा अप्रेल, 2024 में पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल से चयनित 135 विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को माल्यार्पण, साफा पहनाकर, दीवार घड़ी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बीबी जानू, प्रिंसिपल कर्नल वीर सिंह जादौन, एसएसबी एक्सपर्ट ब्रिगेडियर मंगेज सिंह, कोमोडोर मंजीत सिंह, कोमोडोर चंद्रशेखर आजाद, कर्नल जीएस बैदवान, कर्नल डीएस चीमा, कर्नल प्रमोद बडसरा, कर्नल एनएस काहलोन, कर्नल मुक्तेश्वर प्रसाद, पर्सनैलिटी एक्सपर्ट अनीस कपूर, कैप्टन जे आर चौधरी, एकेडमिक हेड पवन कुमावत एवं निरुपम सुण्डा सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स एवं हजारों विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे। गत एक वर्ष में प्रिंस एनडीए एकेडमी के 30 विद्यार्थी एसएसबी रिकमंड हो चुके हैं। इस अवसर पर चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा ने कहा कि सफल विद्यार्थियों हेतु स्पेशल एसएसबी बैचेज लगातार जारी है।

हंसराज धायल को सम्मानित किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की शाखा डिफेंस पब्लिक स्कूल के छात्र हंसराज धायल ने राष्ट्रीय तस्तरी फेंक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि हंसराज धायल ने अंडर 17 राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए दूसरा प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम में छात्र हंसराज धायल को सम्मानित किया गया। छात्र का इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बहरीन में 23 से 31 अक्टूबर के बीच होगा। 12वीं के छात्र हंसराज धायल की इस उपलब्धि पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बधाई दी। साथ ही कहा कि कडी मेहनत से सपने साकार होते हैं। इस अवसर पर संस्थान के एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल महेंद्र सैनी, प्रिंस कॅरिअर इंस्टीट्यूट के सीईओ विजय मूंड तथा विद्यालय स्टॉफ ने सभी सम्मान पाने वाले बच्चें को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

सीकर, (निसं)। आरसीएच गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण एवं रिव्यू मीटिंग का आयोजन बीसीएमओ कार्यालय लक्ष्मणगढ़ में किया गया इस मौके पर डब्ल्यूएचओ सीकर यूनिट के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकुर सांगवान ने टीकाकरण के लक्ष्य हासिल करने की प्रक्रिया बताई। एएनम डिजिटल चिप पोर्टल की ट्रेनिंग दी तथा माइक्रो प्लान निर्धारित किया । ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीशराम चौधरी, एएसओ आनंदीलाल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप चाहर, यूएनडीपी के योगेश शर्मा, डॉ. विनोद लुनिवाल, डॉ. मोनिका महरिया, डॉ. सुमन चौधरी, एक्सटर्नल मॉनिटर भोला राम कुमावत, शिवनारायण सेवा, राजेश बाजिया, रवि सिंह, विकास सैनी सहित ब्लॉक के चिकित्सक, एएनएम एवं सीएचओ उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। लोकपाल महावीर प्रसाद तोगडिया ने बुधवार को सूरजगढ पंचायत समिति की काकोडा व काजडा ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान काकोडा ग्राम पंचायत कार्यालय में ताला लगा पाया गया। ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायक दोनों ही अनुपस्थित पाए गए। काजडा ग्राम पंचायत में कनिष्ठ सहायक चन्द्रकला का नरेगा योजना का रिकॉर्ड संधारण संतोषजनक पाया गया। पिलानी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भगीना में कनिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाई गई। जिसका ग्राम विकास अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। खुडिया ग्राम पंचायत में नरेगा कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्य संतोषजनक पाया गया।

ग्रीष्म अवकाश में भी नामांकन वृद्धि अभियान चलेगा

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए नामांकन वृद्धि के प्रयासों के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पातुसरी में बुधवार को सम्बलन अधिकारी कमलेश तेतरवाल एपीसीए समग्र शिक्षा झुंझुनूं की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य और स्टाफ सदस्यों की मीटिंग में तेतरवाल ने विद्यालय के भौतिक व शैक्षिक विकास के लिए विद्यालय स्टाफ को धन्यवाद देते हुए आगामी सत्र के लिए योजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्टाफ को प्रेरित किया कि आप सभी आसपास के गांव के ही रहने वाले हैं। इसलिए ग्रीष्म अवकाश के दौरान भी न केवल नए विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए प्रयास करें। अपितु अपने पूर्व विद्यार्थी हैं उनके और उनके अभिभावकों के संपर्क में रहकर उनकी पढाई व ग्रीष्म अवकाश की गतिविधियों के बारे में लगातार चर्चा करते रहें। उन्होंने बताया कि सत्र पर्यंत सतत प्रयत्न से ही विद्यालय का विकास संभव है। हम कोई विशेष अभियान चला कर कुछ समय के लिए उसे गति प्रदान कर सकते हैं। लेकिन नियमित मेहनत व योजनाबद्ध कार्य प्रणाली से हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों को आगामी 15 अगस्त पर सम्मानित करवाने का भी प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुशीला राव ने बताया कि नामांकन वृद्धि के लिए विद्यालय का स्टॉफ घर - घर जाकर सर्वे कर रहा है तथा अभिभावकों से हम लगातार संपर्क में है, निश्चित रूप से आगामी सत्र में नामांकन में वृद्धि होगी। व्याख्याता कर्मवीर पूनियां ने विद्यालय की उपलब्धियों व आवश्यकताओं से अवगत करवाया। प्रधानाचार्या के नेतृत्व में टीम भावना से काम करने के लिए तेतरवाल ने पूरे स्टॉफ को बधाई दी। मीटिंग में सुशीला राव प्रधानाचार्या, सुनील कुमार उप प्रधानाचार्या, व्यख्याता कर्मवीर पूनियां, विद्या चौधरी, सरिता, अनिता, वरिष्ठ अध्यापक उर्मिला मीणा, अध्यापक विजय कुमार, किरण आलडिया, बसंतलाल आदि उपस्थित रहे।

बंद मकान से लाखों की नकदी व आभूषण चोरी

बीकानेर, (कासं)। शहर के मुक्ता प्रसाद थाना इलाके में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार क्षेत्र में चोर बंद मकान या दुकानों को अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला मुक्ता प्रसाद कॉलोनी के सैक्टर 2 का है। जहां मनीष शर्मा के मकान से अज्ञात चोर सोने के जेवरात व नकदी उड़ा ले गये।

जांच कर रहे हैड कानि नरेश सिंह ने बताया कि परिवादी ने लिखित रिपोर्ट दी है कि वे अपने परिवार के साथ 11 मई को रेलवे कॉलोनी स्थित पुराने घर गया हुआ था।

13 मई को जब सुबह जब वापस आएं तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर में सामान बिखरा हुआ था। सार संभाल की तो पाया कि घर से सोने की दो अंगूठी, एक नथ, झुमके,एक सोने का हार, एक सोने का सिक्का सहित दो लाख बीस हजार रूपये नकद चुरा कर ले गये।

पुलिस ने परिवादी की लिखित रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

कम वोल्टेज से परेशान लोगों ने निगम के खिलाफ जताया रोष

सादुलपुर, (निसं)। कम वोल्टेज और बिगडती विद्युत व्यवस्था को लेकर वार्ड नंबर 15 के निवासियों ने रोष जताया तथा समस्या निराकरण करने के साथ-साथ नए तार लगाने की मांग कर बुधवार को निगम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा है।

इस अवसर पर निर्मल सिंह, दुर्गेश जोशी, रमेश कुमार, मुरली राम, अजय कुमार, करणी सिंह, सुभाष चंद्र, दीपक कुमार, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार मनोज कुमार, गोपी राम, बाबूलाल व नारायण सहित दर्जनों मोहल्ले वासियों ने ज्ञापन में बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर 15 में कम वोल्टेज के कारण इस गर्मी के मौसम में पंखे कूलर तक नहीं चल रहे हैं।

■ **लिखित शिकायत कर समस्या निराकरण के साथ-साथ नए तार लगाने की मांग**

वार्ड के लोगों ने सहायक अभियंता को ज्ञापन दिया।

विद्युत कटौती के कारण मौहल्ले के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

मोहल्ले वासियों ने बताया कि वार्ड में सुभाष नगर में स्थित शंकर की दुकान से लेकर मूलचंद डूडी के घर होते हुए मस्जिद तक तारों की स्थिति खराब है, जिसके कारण हर वक्त लोगों को अनहोनी घटना की आशंका का सामना करना पडता है। मोहल्ले वासियों ने विद्युत व्यवस्था में सुधार करने के साथ-साथ वोल्टेज बढाने और नए तार लगाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मोहल्ले वासियों को धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पडेगा।

श्री गोपाल गौशाला में गुजरात से तेरह गिर गाय आयेंगी

झुंझुनूं, (निसं)। श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं जिले की सर्वश्रेष्ठ गौशाला गौ सेवा में नवाचार करने में हमेशा अग्रणी रही है। इसी क्रम में गिर गाय का पालन करने के लिए 13 गिर गाय गौशाला लेकर आ रही है। इसके लिए गौशाला प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने गुजरात के भावनगर क्षेत्र में 14 एवं 15 मई को जाकर गिर गाय तय की है। एक दो दिवस में उक्त गिर गायें झुंझुनूं आ जाएगी।

विशेष बात यह है कि इन तेरह गिर गायों में एक गाय स्वर्ण कपिला भी है। गिर गायों के लिए प्रथम चरण में उदारमना तेरह गौ भक्त दानदाता केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार, चौथमल सुनील कुमार पाटोदिया परिवार, नरोत्तमलाल जालान परिवार, सत्यनारायण परमेश्वरलाल हलवाई परिवार, काशीनाथ जालान परिवार, अशोक कुमार संत कुमार केडिया परिवार, सपना अनिल राणासरिया परिवार, बनवारीलाल टेकडीवाल परिवार, रघुनाथप्रसाद पोद्दार परिवार, सीए दीनबंधु जालान मुंबई, रामकिशोर टीबडा हैदराबाद, गिन्नीदेवी राधावल्लभ खेतान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पुष्पा देवी खेतान फाउंडेशन ट्रस्ट मुंबई के ट्रस्टी काशीनाथ खेतान है। गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि इन तेरह गिर गायों के लिए अलग से सैड बनवाकर सुंदर तरीके से व्यवस्था की गई है। गिर गायों पालन के लिए एवं छानी डालने वाले सैड के एक्सटेंशन के लिए दो सैड गौ भक्त दानदाता स्वर्गीय मणीदेवी ढंढारिया एवं स्वर्गीय बिहारीलाल ढंढारिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र राधेश्याम ढंढारिया सुपौत्र राहुल एवं राज ढंढारिया राहुल फुटकेयर लिमिटेड जयपुर के सौजन्य से बनाए जा रहे है।

गिर गायों पालन के लिए निर्माण कार्य हो चुका है। गुजरात के भावनगर से गिर गाय ले ली गई है। इसी सप्ताह से उनका पालन शुरू हो जाएगा। जानकारी देते हुए गौशाला पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि गिर गाय अन्य देशी गाय से आर्थिक रूप से महंगी हैं। लेकिन गिर गायों से मिलने वाले लाभ अतुलनीय और अनूठे हैं। अत्यधिक पौष्टिक दूध हमें मिलने वाले प्रमुख लाभों में से एक है। गिर गायें अपने अद्वितीय दूध गुणों और पोषक तत्वों के कारण अन्य देशी और जर्सी गायों से भिन्न होती हैं। यह नस्ल लगभग किसी भी जलवायु परिस्थिति में जीवित रह सकती है। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र के मूल निवासी होने के कारण, वे कई उष्णकटिबंधीय बीमारियों का विरोध करने और जीवित रहने के लिए अधिक शक्तिशाली हैं।

यह असाधारण नस्ल अपनी दूध देने की क्षमता के लिए जानी जाती है, जो अत्यधिक अनुशंसित है और साथ ही यह उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है जो लैक्टोज असहिष्णु हैं। गिर गाय के दूध में 8 प्रकार के प्रोटीन, 6 तरह के विटामिन, 21 तरह के एमिनो एसिड, 11 तरह के चर्बीयुक्त एसिड, 25 तरह के खनिज तत्व, 16 तरह के नाइट्रोजन यौगिक, 4 तरह के फॉस्फोरस यौगिक, 2 तरह की शर्करा पाई जाती है।

सी.एम.एच.ओ. ने चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया

प्रभारियों को व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए

झुंझुनूं, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बुधवार को चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। डॉ. डांगी ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारी और भगेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कोई अनुपस्थित नहीं मिला।

उन्होंने दोनों प्रभारियों को संस्थागत प्रसव की संख्या बढाने और जांच लैब के बाहर जांचों के नाम लिखने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. डांगी दोनों प्रभारियों को लार्वा सोर्स की पहचान कर उन्हें नष्ट करने के निर्देश दिए।

■ **डेंगू दिवस पर आयोजित होंगी विभिन्न जागरूक गतिविधियां**

उन्होंने गुरूवार को डेंगू दिवस पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। इधर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरमी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसाऊ का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए तैयारियों का जायजा लिया। लू ताप घात के लिए बनाए गए वार्ड और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारी और भगेरा का निरीक्षण किया।

आज डेंगू दिवस पर आयोजित होंगी विभिन्न जागरूक गतिविधियां -

सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि गुरूवार को डेंगू दिवस के अवसर पर जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों पर डेंगू रोधी जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी संस्थान प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिलेभर में मलेरिया क्रैश कार्यक्रम के तहत एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साथ ही आमजन को इस अभियान से जोडकर हर रविवार को ड्राई डे मनाने की अपील की जा रही है।

ऋषिकेश ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। बाड़मेर-बीकानेर-ऋषिकेश जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के लगातार निरस्त होने पर रेलयात्री हेल्प कमेटी ने संज्ञान लिया है।

इस संदर्भ में कमेटी अध्यक्ष अनिल सोनी झूमरसा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि ट्रेन के निरस्त होने संबंधी आमजन की परेशानियों को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग से ट्रेन चलायी जाए।

उन्होंने बताया कि पंजाब में किसान आंदोलन के चलते बाड़मेर-जोधपुर-बीकानेर-हरिद्वार जाने वाली ट्रेन विगत 25 दिनों से भी अधिक समय हो गया बठिंडा तक ही चल रही है।

इस ट्रेन से बीकानेर और आसपास के लोग अपने प्रियजनों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए हरिद्वार जाते हैं। ट्रेन के लगातार निरस्त होने से आमजन बेहद परेशान हो रहा है।

कई समाजों के श्मशानों में अस्थियों के लॉकर भी भरने लगे हैं। रेलयात्री हेल्प कमेटी अध्यक्ष अनिल सोनी झूमरसा ने आमजन के प्रियजनों की हरिद्वार में में अस्थियां विसर्जित नहीं कर पाने की दिक्कत की बात कहते हैं। जल्द से जल्द ट्रेन के संचालन करने का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की है।

श्याम बाबा के वार्षिक फाल्गुन मेला की समीक्षा बैठक आयोजित

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्याम बाबा वार्षिक फाल्गुन मेला 2024 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला कलेक्टर ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सफलता पूर्वक मेला आयोजित करवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव सुधांस पंत ने भी सभी अधिकारियों को अपनी ओर से मेले के सफलता पूर्वक सम्पन होने पर बधाई प्रेषित की है। जिला कलेक्टर ने बैठक में बताया कि खाटूश्याम मेले की प्रत्येक तीन माह में एक बार समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

जिला कलेक्टर चौधरी ने सैक्टरवाईज नियुक्त अधिकारियों से मेले की व्यवस्थाओं का फीडबैक लेते हुए निर्देश दिये कि लखदातार मैदान में वेलटेंशन का विशेष ध्यान रखें तथा कच्ची सड़क को पक्का किया जाने, लामियां तिराहे से पार्किंग की तरफ नगर पालिका खाटू व सार्वजनिक निर्माण विभाग ड्रेनेज व सड़क निर्माण कार्य करवाने का 15 दिन में प्रस्ताव तैयार करवाकर भिजवाये तथा खाटू में दो स्थानों लामियां तिराहे की तरफ तथा मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय से मण्डा रोड़ की और फुट ओवर ब्रीज बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीमों की पूरी लिस्टिंग की जाये तथा निशान (ध्वज) एकत्रित करने के लिए लखदातार व चारण मैदान में अतिरिक्त पात्र रखने की व्यवस्था करने तथा पार्किंग व्यवस्था के लिए खाटू नगर पालिका ईओ को संस्कृत स्कूल के सामने की भूमि पर व्यवस्था किये जाने के लिए 4 जून से पूर्व तक व्यवस्था करने, चारण मैदान के बीच में सर्विस लाईन बनाने, चारण मैदान में धूल उडती है उसकों रोकने के लिए पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिये।

■ **बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने दिये अपने सुझाव**

जिला कलेक्टर चौधरी ने खाटू नगर पालिका ईओ को निर्देशित किया कि खाटू में नई धर्मशाला के निर्माण की अनुमति देते समय यह सुनिश्चित करें कि महिला व पुरूषों के दो अलग-अलग शौचालय सार्वजनिक उपयोग के लिए रखे जाये तथा रींगस अधीशाषी अधिकारी एनएचआई से समन्वय स्थापित कर रींगस में सुलभ कॉम्प्लेक्स, ऑवर ब्रिज बनवाये तथा अवैध ई-रिक्शा संचालन को पाबंद करें। उन्होंने निर्देश दिये कि खाटूश्यामजी में इत्र की काच की शीशी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी तथा दर्शानार्थी गुलाब का फूल ही चढा सकते है, उसका डंठल नहीं चढाएं।

जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने खाटू जाने वाली सड़क पर स्पीड ब्रेकर, लाईट की समुचित व्यवस्था हो साथ ही पलसाना से खाटू रोड़, अलोदा रोड़, पलसाना, सांवलपुरा रोड़, बावडी, चौमू पुरोहितान रोड़, शाहपुरा रोड़ की मरम्मत करने तथा हनुमान तिराया सड़क की चौडाईकरण करने के सुझाव दिये। उन्होंने ई-रिक्शा को अभी से नियंत्रित करने के लिए थोडी सी भी गलती पाये जाने पर जप्त करने, पार्किंग से ई-रिक्शा रोड के बीच की सड़क को ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की श्याम सरकार से मांगीलाल धर्मशाला तक बेरिकेडिंग करने, वीआईपी के दर्शनों की दो लाईने ही रखने के सुझाव दिये।

बैठक में फतेहपुर नगर पालिका आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने खाटू नगर पालिका को चतुर्थ श्रेणी में करवाने तथा 500 सफाई कर्मचारियों की भर्ती, लोडर, क्रेन,स्वास्थ्य निरीक्षक, मंत्रालय कर्मचारी के प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भिजवाने, मुख्य आयोजना अधिकारी अरविन्द सामौर ने उद्घोषणा केन्द्र , पूछताछ केन्द्र की संख्या बढाने, गुमशुदा लोगों के लिए एक स्थान निश्चित करने, सैक्टर एक व दो में पेयजल की व्यवस्था, कचरा उठाने की व्यवस्था, खोया पाया केन्द्र से बच्चों, महिलाओं को लाने-ले जाने के लिए स्काउट,गाईड को विशेष पास जारी करने,वीआईपी लेन में एक तरफा यातायात रखने के आदि सुझाव दिये।